an>

Title: Need to take measures for drainage of stagnant water in Sujangarh railway station complex in Churu district, Rajasthan.

ऑश्री राहुल कस्वां (चुरू) : मेरे संसदीय क्षेत्र चुरू (राजस्थान) के उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर डिवीजन में सुजानगढ़ स्टेशन के पास उत्तर-पश्चिम साइड में शहर का गंदा पानी इकट्ठा हो रखा है जिसकी निकासी हेतु कोई व्यवस्था नहीं है। इस गंदे पानी की निकासी हेतु माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा 1 करोड़ 60 लाख रूपये जारी किये जा चुके हैं। वर्तमान में रेलवे द्वारा इस गंदे पानी की निकासी हेतु रेलवे मालगोदाम से मानव सहित समपार संख्या सी. 1 तक ही पानी निकासी की योजना प्रस्तावित बताई जा रही है, जिसकी लागत लगभग 70 लाख रूपये के आस-पास मानी जा रही है, जिसका कोई औचित्य नहीं है। अगर पूर्व में बने हुए नाले में इस गंदे पानी को डाला जायेगा तो गन्दे पानी की निकासी शहर से बाहर नहीं होगी तथा और अधिक समस्याएं पैदा हो जायेंगी जो जनहित में नहीं होंगी। इस प्रस्तावित योजना के तहत रूपये भी लग जायेंगे लेकिन इस क्षेत्र की माँग है कि रेलवे परिसर से जमालपुरा तक नाला बनाकर गंदे पानी की निकासी की जाए जिसे सुजानगढ़ शहर के 30 प्रतिशत लोग जो रेलवे पटरी से उत्तर साइड में निवास करते हैं, उन्हें इस समस्या से राहत मिल सके।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि इस गंदे पानी की निकासी के लिए वहाँ के स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधियों एवं अन्य तकनीकी विशेषज्ञों की राय लेकर रेलवे परिसर में स्थिति सम्पूर्ण गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था करवायी जानी चाहिए ताकि इस समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

---

* Laid on the Table

_

14.26 hrs